1.	2.	3.	4.	5
50.	राम्मन चरण-1	पश्चिम बंगाल	9वीं योजना	5 वर्ष से ऊपर
	3x12		10वीं योजना	
51.	पुरूलिया पीएसएस	पश्चिम बंगाल	2002-03	2
	4x225		2003-05	
उत्तर-पूर्वी क्षेत्र				
52.	कारबी-लांग्पी	असम	1985-86	5
			2001-02	
53.	धनश्री	असम	1988-89	13
	5x3x133		2001-02	
54.	लिकिम-रो	नागालैंड	1993-94	7
	3x8		2000-01	
निजी क्षेत्र				
55.	महेश्वर	मध्य प्रदेश	9वीं योजना	1
	10x40		2001-03	

बिजली उत्पादन में वृद्धि

2430. **श्री कपिल सिब्बल** :

श्री बलवन्त सिंह रामूवालिया :

क्या विद्युत मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सही है कि वित्तीय वर्ष 1998-99 के दौरान बिजली उत्पादन में वृद्धि का लक्ष्य निर्धारित किया गया था,

(ख) यदि हां, तो उत्पादन की मात्रा का लक्ष्य क्या था,

(ग) क्या चालू वर्ष के प्रथम 9 माहों, में देश में बिजली उत्पादन में वृद्धि, इस सबंध में नियम लक्ष्य के अनुसार हुइ है, और

(घ) यदि हां, तो विद्युत उत्पादन की मात्रा क्या थी?

विद्युत मंत्री तथा ससंदीय कार्य मंत्री और गैर-पारम्परिक ऊर्जा स्रोत मंत्री (श्री पी.आर. कुमारमंगलम) : (क) और (ख) वर्ष 1998-99 के लिए ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य 450 बिलियन यूनिट है।

(ग) और (घ) वर्ष 1998-99 के प्रथम नौ महीनों (अप्रैल-दिसंबर, 1998) के दौरान वास्तविक ऊर्जा उत्पादन 333.64 बिलियम यूनिट के कार्यक्रम की तुलना में 330.1 बिलियन यूनिट था जो कि पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 6.6 प्रतिशत अधिक है।

पन-विद्युत परियोजनओं के लिए प्रस्ताव

2431. **श्री राज मोहिन्दर सिंह** :

श्री कपिल सिब्बल :

क्या विद्युत मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि देश में हाइडल-इलेक्ट्रिक पावर कापेरिशन द्वारा अनेकों बिजली उत्पादन संबंधी परियोजनाओं के निर्माण के लिए विभिन्न प्रस्ताव सरकार के स्वीकृति हेतु भेजे गए हैं,

(ख) यदि हां, तो दिसंबर, 1998 तक कुल कितने प्रस्ताव सरकार को मिले है◌ा और इन परियोजनाओं की उत्पादन क्षमता तथा निर्माण लागत क्या-क्या है, और

(ग) इन परियोजनाओं के निर्माण हेतु स्वीकृति देने के संबधं में विलम्ब के क्या कारण हैं?

विद्युत मंत्री तथा ससंदीय कार्य मंत्री और गैर-पारम्परिक ऊर्जा स्रोत मंत्री (श्री पी.आर.कुमारमंगलम) (क) और (ख) जी, हां। सरकार द्वारा प्राप्त परियोजनाओं का उनकी